तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 21 अप्रैल 2024

12 भारत को विकसित राष्ट्र बनाने मोदी को तीसरी बार पीएम बनाना...



10 मैत्रीबाग में वन्य प्राणियों को बढ़ती गर्मी की आफत...





## खबर संक्षेप

### फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**बेमेतरा।** शहर के वार्ड 21 निवासी 30 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। मिली जानकारी थाना क्षेत्र के संदीपनी स्कूल के पास सर्वेंट क्वार्टर में जागेंद्र पिता दिलीप यादव 30 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक स्कूल का कर्मचारी था, आत्महत्या का कारण अज्ञात है।

### साजा में सतपाल महाराज की सभा 24 को

**साजा।** लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए प्रचार करने उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज 24 अप्रैल को बाजार चौक दुर्गा मंच में आमसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के प्रभारी पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने शनिवार को स्थल निरीक्षण कर कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए।

### आज हथौद करहीभदर पहुंचेंगी कांग्रेस महासचिव प्रियंका

**बालोद।** कांकेर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर के समर्थन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी 21 अप्रैल को ग्राम हथौद करहीभदर पहुंचेंगी। इस दौरान वे हथौद करहीभदर में आयोजित न्याय संकल्प रैली में शामिल होंगी और सभा को संबोधित करेंगी। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री धीरज उपाध्याय ने बताया कि कार्यक्रम में सचिन पायलट, दीपक बैज, भूपेश बघेल, मोहन मरकाम, चरणदास महंत, कवासी लखमा, चन्दन यादव, फूलो देवी नेताम, विजय जांगड़े, संतराम नेताम, धनेन्द्र साहू, सत्यनारायण शर्मा एवं अन्य राष्ट्रीय स्तर के नेता शामिल होंगे। उक्त जानकारी दी।

### आज महावीर जयंती

**गुण्डरदेही।** जैन समाज द्वारा आज रविवार को महावीर जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। प्रियदर्शना श्रीजी म.सा. के सानिध्य में शारदा वाटिका में जैन श्रीसंघ गुण्डरदेही द्वारा मनाया जा रहा है, जिसमें आसपास के सभी जैन समाज के लोग शामिल होंगे। सुबह 6 बजे से 7 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी। 7 से 7.30 बजे प्रार्थना होगा। 7.30 से 8.30 बजे नाश्ता होगा। 8.30 से 12 बजे तक म.सा. का प्रवचन व बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

### आलबरस में कबड्डी और चौसर प्रतियोगिता आज

**अंडा।** नव किशोर विजय मण्डल द्वारा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम आलबरस में 21 अप्रैल को कबड्डी एवं चौसर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम शाम 7 बजे से प्रारंभ होगा। समिति के सदस्य खेमलाल पारकर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्यअतिथि थाना अंडा प्रभारी श्रद्धा पाठक होंगी, अध्यक्षता सरपंच आशा देशमुख करेंगी। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15000 रूपए, द्वितीय 10000, तृतीय 7000 एवं चतुर्थ पुरस्कार 5000 रूपए प्रदान किए जाएंगे। इसी तरह चौसर के लिए प्रथम पुरस्कार 5000 रूपए, द्वितीय 3000, तृतीय 2000 तथा चतुर्थ पुरस्कार 1000 रूपए रखा गया है।

### वरिष्ठ व दिव्यांग मतदाताओं को घर में ही वोटिंग की सुविधा आज व कल

**बालोद।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत इसके तहत 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाताओं तथा दिव्यांग मतदाता जो मतदान केन्द्र जाने में असमर्थ हैं, उन्हें उनके घर में ही वोट देने की सुविधा प्रदान की जाएगी। यह 21 अप्रैल और 22 अप्रैल को होम वोटिंग कराया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के मार्गदर्शन में उक्त कार्य के सफलतापूर्वक संपादन के लिए मतदान दलों की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

# प्रत्याशियों एवं कार्यकर्ताओं के भीषण गर्मी में छूट रहे पसीने

## सूरज की तपन से गांव में सन्नाटा, वोटरों को साधने शाम को सभाएं व बैठकों का चल रहा दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोकसभा चुनाव के लिए महज 15 दिन शेष रह गया हैं और गांव में अभी तक चुनावी रंगत पूरी तरह से गायब दिखाई दे रही है। भीषण गर्मी के कारण अब प्रत्याशियों के पसीने छूट रहे। गर्मी के कारण दोपहर होते ही शहर सहित गांव में सन्नाटा पसरा है जिसके कारण प्रत्याशियों को जनसंपर्क में दिक्कतें आ रही है। इधर-राजनैतिक दलों ने अब शाम के समय प्रचार और नुक्कड़ सभाओं का आयोजन कर वोटरों को साधने की रणनीति तैयार की है । भाजपा और कांग्रेस ने आचार संहिता लागू होते ही अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर लोकसभा चुनाव की जंग का आगाज कर दिया था । पिछले माह से भाजपा प्रत्याशी और वर्तमान सांसद विजय बघेल और कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू लगातार गांव में प्रचार में जुटे हैं। नवरात्र पर्व में ग्रामीणों की व्यस्तता के कारण, इस दौरान जनसंपर्क और सभा में ज्यादा भीड़ नहीं जुट पा रही थी । राजनैतिक दलों ने नवरात्र पर्व निपटने के बाद प्रचार में तेजी लाने के रणनीति तैयार कर रखी थी, लेकिन अब भीषण गर्मी का दौर शुरू होने के चलते प्रत्याशियों को अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। 42 से 44 डिग्री तापमान होने के कारण शहर सहित गांव में दोपहर होते ही सन्नाटा पसरा है। जिसके कारण गांव पहुंच रहे प्रत्याशियों की सभा में भीड़ नहीं जुट पा रही है ।

### सेहत पर पड़ रहा है असर

पिछले एक माह से चुनावी कसरत में जुटे नेताओं और कार्यकर्ताओं की भीषण गर्मी से सेहत में भी असर पड़ रहा है। पिछले दिनों मौसम में आए उतार-चढ़ाव के बाद अचानक गर्मी के काफी उग्र तेवर दिखाए जाने से नेताओं के हौसले भी पस्त होते दिखाई दे रहे हैं। नेताओं को इस बात का भी डर सता रहा है कि यदि भीषण गर्मी के कारण मतदान कम हुए तो पूरा समीकरण भी ध्वस्त हो जाएगा।

### शाम 4 बजे के बाद गांवों में दस्तक

भीड़ जुटाने के लिए बाकायदा गीत संगीत के सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन राजनीतिक दलों के द्वारा किया जा रहा है,जिससे गांव में नुक्कड़ सभा संपन्न हो रही है। पिछले दो दिनों में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी होने का असर चुनावी प्रचार में सीधा पड़ता दिखाई दे रहा है। प्रत्याशियों ने अब शाम 4 बजे के बाद गांव में दस्तक देने की रणनीति तैयार की है । शहर सहित गांव में रात तक नुक्कड़ सभाओं एवं बैठक के जरिए दोनों दल प्रचार कर रहे हैं ।

### प्रत्याशी के रहते चुनावी माहौल, जाते ही सन्नाटा

जिले में तेज गर्मी की तपिश से जहां गर्माहट बड़ रही है, पर चुनावी गर्माहट कहीं नजर नहीं आ रहा है। जहां प्रत्याशी पहुंचते हैं वहां चुनावी माहौल रहता है और कार्यकर्ता भी सक्रिय नजर आते है, परंतु प्रत्याशी के जाते ही इलाके में सन्नाटा पसर जाता है। हालांकि कांग्रेस, भाजपा के नेताओं का कहना है कि अभी शादी-विवाह का सीजन चल रहा है। इसके पश्चात चुनावी सभा से लेकर प्रचार प्रसार जोर पकड़ेगा ।

## बैठक : एमसीएमसी एवं एक्सपेंडिचर सेल का भी अवलोकन किया

# सामान्य, व्यय व पुलिस प्रेक्षक ने ली नोडल अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




■ लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी जोरों पर

लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक (ऑब्जर्वर) एस. बी. शेट्टीनावर (आई.ए.एस.) व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी पटन्नाशेट्टी (आई. आर.एस.) और पुलिस प्रेक्षक अनुपम शर्मा (आई. पी. एस.) ने कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर, नोडल /सहायक नोडल अधिकारियों की बैठक ली।

इससे पहले उन्होंने ज़िला मुख्यालय स्थित मंडी परिसर पहुंच कर मतगणना की तैयारियों का जायज़ा लिया। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने दिये मतगणना की पूरी तैयारी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसी परिसर से मतदान दलों को सामग्री वितरण की जाएगी। कलेक्टर ने दलों के आने-जाने, सामग्री वितरण, वाहन पार्किंग आदि की जानकारी दी। इसके बाद प्रेक्षकों ने ज़िला पंचायत कार्यालय स्थित मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) के लिए स्थापित कक्ष का निरीक्षण किया। श्री शेट्टीनावर ने निर्वाचन के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर प्रकाशित और प्रसारित होने वाली खबरों, विज्ञापनों, पेड न्यूज की निगरानी के लिए की गई व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने ड्यूटी पर उपस्थित कर्मचारियों से कहा कि निर्वाचन पूर्ण पारदर्शी, निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से संपन्न कराने में मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने एक्सपेंडिचर कक्ष का भी अवलोकन किया।

बैठक में सामान्य प्रेक्षक एस. बी. शेट्टीनावर ने कहा कि एसएसटी वाहनों की चेकिंग के दौरान ख़ास ध्यान रखें की आम व्यक्ति को परेशानी ना हो। दूसरा निर्वाचन संबंधी सभी जानकारी निर्धारित फार्म में मुझे समय पर प्रदाय की जाए। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण रूप से मतदान संपन्न कराने में की बात कही।

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने भी पुलिस प्रशासन की और से की गई तैयारियों की जानकारी दी। निर्वाचन के दौरान पुलिस द्वारा जप्त की गयी सामग्री अवैध मदिरा आदि की जानकारी दी। मतदान केंद्रों में सुरक्षा बल से अवगत कराया। बैठक के दौरान एफएसटी, एसएसटी, एकाउंट टीम, व्हीएसटी के दलों के सदस्य उपस्थित थे। बैठक के दौरान प्रेक्षकों द्वारा आवश्यक जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### मतगणना उम्मीदवारों की निर्वाचित शक्ति का मापदंड : संभागायुक्त



**बेमेतरा।** संभागायुक्त दुर्ग सत्यनारायण राठौर ने शुक्रवार देर रात जिला मुख्यालय स्थित मंडी परिसर पहुंच कर मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने जरुरी सुझाव भी दिया और सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना उम्मीदवारों की निर्वाचित शक्ति का मापदंड होती है, इसलिए तैयारियों का समीक्षण महत्वपूर्ण है। संभागायुक्त ने समय-समय पर मतदाताओं की संख्या, निर्वाचन केंद्रों की स्थिति और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए मतदाताओं को सुगमता से वोटिंग करने की सुविधा हो। संभागायुक्त ने मतगणना की सुरक्षा भी महत्वपूर्ण मानते हुए कहा कि यह तय किया जाये कि कोई अनियमितता नहीं हो। इसके अलावा उन्होंने निर्वाचन अधिकारियों की भी प्रशिक्षण जानकारी ली, ताकि वे सही तरीके से मतगणना कार्य कर सकें। अंततः, मतगणना के परिणामों को सही तथा निष्पक्षता से घोषित करने के लिए संभागायुक्त ने सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने तीनों विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ के मतदान दलों के प्रशिक्षण मतदान केंद्रों की जानकारी से अवगत कराया।

# कानून व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखते हुए बेहतर पुलिसिंग पर ध्यान दें : साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने लिया चौकी कंडरका का जायजा

■ जुआ-सट्टा सहित अन्य अवैध कार्यों में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने भ्रमण के दौरान पुलिस चौकी कंडरका का जायजा लिया । इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों व जवानों को कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिए। उन्होंने चोरियों एवं अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने रात्रि में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त सुदृढ करने, गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त के दौरान हाटल, लाज, ढाबा, एटीएम, बैंक, बस स्टैण्ड, प्रतिक्षालय एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच करने, अधिकारियों व जवानों को रात में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त कर गली-मोहल्लों एवं चप्पे-चप्पे पर अपनी पैनी नजर रखने को कहा। इसके साथ ही लंबित समंस, लंबित वारंट व ऑपरेशन ईगल अभियान चलाकर स्थायी वारंट की तामिली किये जाने, असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कारवाई करने की हिदायत दी।

वहीं, थाना प्रभारी को अवैध कारोबारियों व शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यों में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा सामुदायिक पुलिसिंग के लिए "हमर पुलिस हमर बजार" अभियान के माध्यम से हाट-बाजारों एवं ग्रामों में जागरूकता अभियान चलाने तथा आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आर्दश आचार संहिता का पालन करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस चौकी कंडरका के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आज से त्रिदिवसीय रामचरित मानस मेला

■ श्री हनुमंत जन्मोत्सव पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन

**बेरला।** श्री हनुमंत जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में त्रिदिवसीय रामचरित मानस मेला श्री हनुमंत जन्मोत्सव समिति व समस्त नगरवासी बेरला के द्वारा व आदर्श ,आदर्श महिला व गायत्री महिला मंडली के सहयोग से बाजार चौक बेरला में आयोजन किया जा रहा है। जिसमे प्रथम दिवस जय मां श्रद्धा मानस परिवार गोड़गिरी, ममता मानस बालिका परिवार नवागढ़, विप्र मानस परिवार कबीरधाम, शक्ति संगम मानस परिवार भिंभौरी, श्रीराम सेवा सत्संग समिति पिपरभटठा, श्री वक्रतुण्ड मानस परिवार विनायकपुर विशेष प्रस्तुति छत्तीसगढ़ी फ़िल्मि अभिनेता प्रकाश अवस्थी द्वारा किया जाएगा। द्वितीय दिवस सुनीर बालिका मानस परिवार बहर खपरी बालोद, मातृ श्रतिका बालिका मानस परिवार अहिवारा,आदर्श मानस परिवार भरचट्टी, श्री विनय मानस परिवार भिलौरी,जय मां संतोषी महिला मानस परिवार, शिवगंगा मानस परिवार कवर्धा विशेष प्रस्तुति राजेश केसरी द्वारा रात 8 बजे होगी।

तृतीय दिवस जय गंगा मैया मानस परिवार चंडी आश्रम नेवनारा,जय बजरंग मानस परिवार अहिवारा, जयश्रीराम मानस परिवार सोमई खुर्द, सुर सविता महिला माइस परिवार खाती, जय सरस्वती मानस परिवार बैजलपुर विशेष प्रस्तुति शाम 6 बजे गौतम जैन छत्तीसगढ़ी गायक द्वारा हर दिन कार्यक्रम दोपहर 12 बजे प्रारंभ होगा सभी मंडली को 1 घंटा का समय दिया जाएगा। कार्यक्रम 21, 22 व 23 अप्रैल को होगा।

## प्राचार्य ने घोषित किया परीक्षा परिणाम

# शासकीय हाई स्कूल नारायणपुर में 9वीं में नमन प्रथम व दिशा दूसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नारायणपुर



ग्राम पंचायत नारायणपुर के शासकीय हाई स्कूल में शुक्रवार को कक्षा नौवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

जिसमें कक्षा नौवीं की परीक्षा में शामिल 56 परीक्षार्थियों में से 34 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए, वहीं 10 को पूरक प्राप्त हुआ, जबकि 12 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण हुए। जारी परिणाम के अनुसार छात्र नमन साहू ने 96.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, द्वितीय स्थान पर आने वाली दिशा ध्रुव को 85.33 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। परीक्षा परिणाम की घोषणा के दौरान प्राचार्य छबीलाल साहू एवं सभी शिक्षक शिक्षकों ने सभी उत्तीर्ण परीक्षार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई व शुभकामनाएं दीं। वहीं, प्राचार्य श्री साहू ने किसी कारण से सफल नहीं हो पाने वाले विद्यार्थियों को एक बार फिर से तैयारी में जुट जाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्राचार्य छबिलाल साहू, संध्या मरावी, संतोषी पटेल, कौशिक, यशवंत कर्ष, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## शासकीय प्राथमिक शाला बीजागोड़ ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

# घर-घर जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे शिक्षक व छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

इन दिनों लोकसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर है। एक ओर जहां सभी राजनीतिक दलों के साथ ही निर्दलीय उम्मीदवार जगह-जगह सभा व जनसंपर्क के माध्यम से लोगों तक पहुंचकर उनसे अपने पक्ष में मतदान के लिए आग्रह कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर निर्वाचन आयोग व जिला प्रशासन भी विभिन्न माध्यमों से ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

इसके साथ ही मतदाता जागरुकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी तरह कई स्वयंसेवी संस्थाएं भी लोगों को मतदान के लिए प्रेरित कर रही हैं। कुछ ऐसा ही प्रयास शासकीय प्राथमिक शाला बीजागोड़ में भी किया जा रहा है। यहां मतदाता जागरुकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत विद्यालय में शिक्षक-शिक्षकाओं द्वारा चार्ट पेपर पर मतदान स्लोगन लिखा गया तथा नॉक फॉर वोट के माध्यम से घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। इसमें प्रधानपाठक विशेषर नेताम, संकुल समन्वयक मनीराम श्रीवास, नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा एवं रसोइया संगीता यादव तथा छात्रों का सहयोग सराहनीय रहा।




### मतदाताओं को वोट देने के लिए किया प्रेरित

जागरुकता अभियान के दौरान विद्यालय की नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र-सबकी भागीदारी के अंतर्गत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के कार्यक्रम को ही स्वीप कार्यक्रम के रूप में जाना जाता है। यह भारत में मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरूकता का प्रचार-प्रसार करने एवं मतदाता की जानकारी बढ़ाने के लिए एक प्रमुख कार्यक्रम है। वर्ष 2009 से हम भारत के निर्वाचकों को सजग करने और उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित बुनियादी जानकारी से लैस करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। इसके उद्देश्यों को बताते हुए शिक्षिका चंदा सिन्हा ने कहा कि स्वीप का प्रमुख लक्ष्य निर्वाचनों के दौरान सभी पात्र नागरिकों को मत देने और जागरूक निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित करके भारत में सही मायनों में सहभागी लोकतंत्र का निर्माण करना है। उन्होंने मतदान के लिए पात्र सभी लोगों से आवश्यक रूप से मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने की अपील की।

### जिला स्तरीय कर्मा महोत्सव और आदर्श विवाह कल

**अंडा।** जिला स्तरीय कर्मा महोत्सव एवं आदर्श विवाह ग्राम गोड़ेला में 22 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से रखा गया है। पूर्व सरपंच देवरी द गोविंद साहू, पूर्व सरपंच मोहंदीपाट मुकेश साहू, समाजिक कार्यकर्ता मटिया पंकज चौधरी और चीचा विनय साहू ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन जिला साहू संघ बालोद के तत्वावधान में तहसील अर्जुन्दा के विशेष सहयोग से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ ही उपमुख्यमंत्री अरुण साव उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहलसिंह साहू करेंगे।

हरिभूमि

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# मैत्रीबाग में वन्य प्राणियों को बढ़ती गर्मी की आफत से मिली राहत

## सफेद शेरों के बाड़े में बिछाई रेत और भरा पानी, भालू ले रहे कूलर की ठंडी हवा, प्रबंधन ने परिंदों के लिए भी किए व्यापक इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

बढ़ती गर्मी को देखते हुए मैत्रीबाग चिड़ियाघर में वन्य प्राणियों को तपिश और लू से बचाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। छाया और ठंडकता के इंतजामों से जानवरों और पक्षियों को राहत मिल रही है।

मैत्रीबाग प्रबंधन द्वारा गर्मी को देखते हुए इनके खानपान और सेहत का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। शहर में गर्मी अब अपने तेवर दिखाने लगी है। तापमान 40 डिग्री पहुंच चुका है और आगे गर्मी बढ़ने के आसार हैं। मैत्रीबाग में वन्य प्राणियों को गर्म मौसम से बचाने के लिए इस साल भी चौतरफा प्रबंध किए गए हैं। वाईट टाईगर्स बेहद संवेदनशील होते हैं। इन पर मौसम का जल्द असर होता है। इन्हें तपिश से बचाने के लिए एनक्लोजर के परिसर में रेत बिछाई गई है और ऊपर छज्जे से शावर से पानी भी भरा गया है। सर्द वातावरण रहने से वाईट टाईगर्स को गर्मी से राहत मिल रही है। चिड़ियाघर में 7 सफेद शेर हैं। इसी तरह हिमालयीन भालुओं के लिए कूलर लगाया गया है। वे धूप से बचने सर्द हवाओं का लुत्फ उठा रहे हैं। जू में हिरणों को भी गर्मी की आफत से बचाने के लिए चटाई के शेड लगाए गए हैं। यहां सौ से अधिक हिरण हैं।

### पक्षियों के लिए पानी का फौव्वारा

मैत्रीबाग जू में जानवरों की तरह परिंदों को भी गर्म मौसम के दुष्प्रभाव से बचाने के प्रबंध किए गए हैं। बड्र्स काम्पलेक्स में पक्षियों के कैज के सामने स्प्रिंगलर से पानी की शावर चलाया जा रहा है। पानी के छीटों से परिंदों का पूरा परिसर में ठंडकता का मौहाल बना रहता है। इसके अलावा बड्र्स काप्लेक्स में परिंदों के कैज के सामने कड़ी धूप और गर्म हवाओं को रोकने ग्रीन चटाई भी लगाई गई है। चिड़ियार में स्टुअर्ड, सारस, मोर,तोते, कबूतर आदि कई पक्षियों के अलावा बंदर और खरगोश आदि भी हैं।





### सेहत का रखा जा रहा खास ध्यान

हफ्तेभर बाद गर्मी बढ़ने की संभावना है। मई महीने में नौतपा में तापमान 40 पार पहुंच जाएगा और लू भी चलने के आसार हैं। अभी भी शहर के तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। लिहाजा जू के चिकित्सक और कर्मियों द्वारा वन्य प्राणियों की सेहत पर खास नजर रखी जा रही है। वाइट टाइगर, और लायन आदि का हाजमा खराब न हो, इसे देखते हुए उनकी खुराक कम कर दी गई है। भालुओं को फ्रूट्स, पतली खिचड़ी और शहद दिया जा रहा है। पाचन क्रिया को संतुलित बनाए रखने एंडी डाइजेशन दवाई दी जा रही है। मैत्रीबाग के प्रभारी डीजीएम डां. एनके जैन बताते हैं कि तेज गर्मी से जानवरों का हाजम खराब होने की आशंका बनी रहती है। सेहत बनाए रखने के लिए संतुलित आहार दिया जा रहा है। वहीं गर्म हवा से बचाने ठंडकता के इंतजाम किए गए हैं।

---

## खबर संक्षेप

### अधिकारी-कर्मचारियों की लगी ड्यूटी

**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 7 दुर्ग अंतर्गत विधानसभा 65-भिलाई नगर के उपयोग होने वाले ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की कमिशनिंग कार्य 26 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से साईंस कॉलेज दुर्ग में किया जाना है। विधानसभा 65-भिलाई नगर के लिए नोडल अधिकारी श्रीमती योगिता देवांगन सहायक रिटर्निंग ऑफिसर होंगे। माकपोल हेतु नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण 22 अप्रैल को सुबह 11 बजे से भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी महाविद्यालय (बीआईटी) दुर्ग में आयोजित की गई है। माकपोल कार्य के लिए जिन अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, उनमें प्रभारी अधिकारी जिला पंचायत उप अंकेक्षक माधवी साहू की ड्यूटी लगाई गई है। सहायक प्रभारी अधिकारी जनपद पंचायत धमधा तकनीकी सहायक सौरभ साहू, जनपद पंचायत पाटन उमाशंकर देवांगन, नगर पालिक निगम दुर्ग सहा.राजस्व निरीक्षक संजय मिश्रा, शशिकांत, सत्येन्द्र यादव एवं प्रीति उज्जनेवार, जनपद पंचायत धमधा तकनीकी सहायक खिलेश्वरी कुर्रे की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही भृत्य अर्पण शर्मा, एम.एल.देवांगन, राजेन्द्र कुमार दमाहे एवं तुषार कुमार की ड्यूटी लगाई गई है।

### जराती समाज ने धूमधाम से मनाया राम जन्मोत्सव

**दुर्ग।** गुर्जर क्षत्रिय समाज ने राम जन्मोत्सव पर बढ़-चढ़कर उत्साह दिखाया। समाज भवन में संध्या 6 बजे हनुमान चालीसा पाठ किया गया। तद्उपरांत भजन संध्या एवं छोटे बच्चों की झांकी में राम, लक्ष्मण, सीताजी, हनुमान जी के वेशभूषा में 24 से ज्यादा बच्चों ने भाग लिया। महा आरती के पश्चात भंडारा में लगभग 5000 से ज्यादा लोगों ने भवन के अंदर एवं बाहर सभी को मुक्त हस्त से प्रसाद वितरण किया गया। इस आयोजन की व्यवस्था में समाज प्रमुख तुषार चौहान, दिलीप पढियार, प्रदीप खोडियार, भरत परमार, नरेंद्र भाई राठौड़, पूर्व अध्यक्ष नारायण भाई राठौड़, ज्योति भाई टॉक, नौतम भाई टांक, किशोर चौहान, दिलीप भाई टॉक, जयश्री बेन चावडा, बाला बेन चौहान, ताराबेन टांक, भारती बेन टांक, खुशाल भाई वाढेर, बंसी भाई सोलंकी, अशोक भाई टॉक ,उमेश चौहान, मुकेश राठौर, शारदाबेन चौहान आदि की विशेष उपस्थिति एवं सक्रिय योगदान रहा।

---

**अव्यवस्था:** मरीजों को प्राइवेट मेडिकल स्टोर्स से खरीदनी पड़ रही दवा

# सरकारी अस्पतालों में मल्टीविटामिन बीपी व बच्चों के लिए सिरप तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

हरिभूमि सरोकार

जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल सुपेला सहित सरकारी अस्पतालों में हार्ट की दवा नहीं है। गर्भवती महिलाओं के लिए कैल्शियम और मल्टीविटामिन टेबलेट नहीं है। अस्पतालों में न ही छोटे बच्चों के लिए सिरप है और न ही आंखों की दवाई। मरीजों को दवाओं के लिए भटकना पड़ रहा है। प्राइवेट मेडिकल स्टोर्स से लेकर ये दवाएं खानी पड़ रही है।



### लापरवाही- पिछले एक महीने से है ये दिक्कतें

जिले के आला स्वास्थ्य अधिकारियों को इसकी जानकारी ही नहीं है कि बीपी, मल्टीविटामिन और सिरप जैसी दवाई मरीजों को नहीं दी जा रही है। जबकि पिछले एक महीने से इन दवाओं की कमी बनी हुई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों, शहरी स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर सभी अस्पतालों में इन दवाओं की किल्लत बनी हुई है। निचले स्वास्थ्य केंद्रों से दवा का स्टॉक खत्म होने की जानकारी उच्च स्तर पर पहुंचाने की जानकारी ड्यूटीरत स्टॉफ ने दी।

### इन प्रकरणों से समझिए दवाइ का टोटा

**केस 1**

जिला अस्पताल और सिविल अस्पताल सुपेला में इलाज के लिए आई देवकी साहू, श्यामा बाई निषाद, रामेश्वरी ठाकुर, ममता सिन्हा आदि ने बताया कि एक महीने से मल्टीविटामिन और कैल्शियम टेबलेट की दिक्कत है। हर 15 दिन में गर्भवती माताओं को इन दवाओं को लेने के लिए अस्पताल आती है। पिछले महीने से ये दवाई नहीं मिल रही है।

**केस 2**

शहरी स्वास्थ्य केंद्र नेवईभाठा, शहरी स्वास्थ्य केंद्र टंकी मरोदा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिसाली व उतई में भी पड़ताल के दौरान यह बात सामने आई के मल्टीविटामिन की टेबलेट नहीं है। मरीजों ने बताया कि बच्चों की सिरप पिछले तीन महीने से नहीं दी जा रही है। पिछले महीने से मौसम खराब होने की वजह से बच्चों को सर्दी, खांसी की सबसे ज्यादा शिकायतें आई थी।

**केस 3**

जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में हार्ट और शुगर के मरीजों को नियमित दवाई नहीं मिल पा रही है। इन अस्पतालों में शिविर लगाकर शुगर और बीपी के मरीज खोजे गए और पंजीबद्ध किया गया था। मरीजों ने बताया कि हार्ट की दवाई रेगुलर खाना जरूरी है नहीं तो हार्ट अटैक का खतरा बना रहता है। हाल यह है कि हम दवा प्राइवेट से खरीद रहे हैं।

### टीबी की दवा की भी किल्लत

जिले में पिछले महीने से टीबी की दवाई भी मरीजों को नहीं मिल पा रही थी। एक महीने के बाद टीबी की दवा के लिए मरीजों को दिक्कतें उठानी पड़ी। एक दिन पहले ही टीबी की दवा पहुंचने का दावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया है। टीबी की दवा सेंट्रल डिवीजन दिल्ली से भेजे जाने की जानकारी दी गई है। यानी एक महीने के बाद टीबी की दवा के लिए मरीजों को फिर से जूझना पड़ सकता है।

### सीजीएमएससी से करते हैं डिमांड

जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल सुपेला सहित जिले के सरकारी अस्पतालों के लिए दवाओं की सप्लाई सीजीएमएससी से होती है। सीजीएमएससी का ड्रग स्टॉक सेंटर दुर्ग में ही है। यहां से सरकारी अस्पतालों में डिमांड के हिसाब से दवाओं का वितरण होता है। डिमांड की सुविधा ऑनलाइन होने की वजह से दवाओं की सप्लाई भी जल्दी हो जाती है लेकिन डिमांड करने में देरी होने से इस तरह की दिक्कतें आती है।

### जानकारी मांगी है

“अस्पतालों में जरूरी दवाओं की कमी की जानकारी मांगी है। दवा की कमी होने पर अस्पतालों को ही सीजीएमएससी को ऑनलाइन डिमांड भेजना है। सभी अस्पतालों में दवाओं की सप्लाई में कोई दिक्कत न हो यह व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

**- डॉ. जेपी मेश्राम,** सीएमएचओ दुर्ग जिला

---

# प्रियदर्शिनी कोलानी में बढ़ी चोरी की घटनाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

प्रियदर्शिनी पंरिसर कालोनी के लोगों को अब बढ़ती चोरी की घटनाओं से राहत मिलेगी। कालोनी में जल्द ही रात्रि पुलिस गश्त की बेहतर व्यवस्था की जाएगी। कालोनी की अन्य समस्याओं के निदान की भी मांग की गई।

प्रियदर्शनी परिसर ईस्ट विकास समिति के कार्यकारिणी की जेएन तिवारी की अध्यक्षता में शिवधाम मंदिर में हुई बैठक में कालोनी की समस्याओं पर चिंता जताई गई। पदाधिकारियों ने बताया कि कॉलोनी में बढ़ती हुई चोरियों को रोकथाम के लि सुरक्षा की मांग की । बताया कि एक ही रात में तीन चोरी की वारदातों से लोग चिंतित है। पुलिस अधिकारी ने सुझाव दिया गया कि कॉलोनी के लोग अपने घरों में सी सी टीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगा लें। रोज रात्रि पेट्रोलिग की भी उत्तम व्यवस्था की जायेगी। बैठक में जिला निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी से कालोनी पोलिंग बूथ की भी मांग की गई राधिका नगर पोलिंग बूथ जाने के लिए नेशनल हाईवे NH-53 पर पारमार्ग यातायात पुलिस की उपस्थिति में व्यवस्था की जाएगी। निर्माणाधीन सियान सदन में गुणवत्ताविहीन निर्माण ठेकेदार के द्वारा किए जाने पर रोक लगाने की मांग की गई। निर्माण की निगरानी के लिए उप समिति बनाई गई। समिति में

■ विकास समिति ने पुलिस से की सुरक्षा की मांग

संतोष कुमार मिश्रा, कामेश्वर सिंह, शैलेन्द्र गुप्ता, बसंत कुमार गुप्ता, अखिलेश तिवारी, कैलाश शर्मा शामिल किए गए। समिति के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने बताया कि बैठक में कालोनी की

स्ट्रीट लाइट, उद्यानों और कालोनी की सफाई की सममस्या निदान के लिए निगम आयुक्त से मुलाकात करने की जानकारी दी गई। बैठक में महासचिव शैलेन्द्र कुमार गुप्ता सहित बसंत कुमार गुप्ता, संतोष कुमार मिश्रा, विनोद चौहान, अरविन्द वर्मा, डॉ. बी सिंह डॉ. एपी त्रिपाठ, गणेश ताम्रकार, सुशील कामड़े आदि उपस्थित थे।

---

# ब्लैक कैप्स ने जीता हनुमंत कप सीजन-1 चैम्पियनशिप का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

शहर के युवाओं में क्रिकेट को लेकर बढ़ता जुनून आसमान के चढ़ते पारे पर भी भारी पड़ रहा है। सेक्टर 7 खेल मैदान में शुक्रवार को चिलचिलाती धूप में नौ दिवसीय हनुमंत कप सीजन- 1 क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ खिताबी मुकाबला दर्शकों के हैरत और आकर्षण का केंद्र रहा।

उमस और पसीने से तरबदर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का हौसला और रोमांच देखते ही बनता था। छत्तीसगढ़ युवा उत्कल सेवा समिति सेक्टर 10 के बैनर तले सेक्टर 7 दशहरा मैदान में आयोजित 10 अप्रेल से 19 अप्रेल तक नौ दिवसीय हनुमंत कप सीजन-1 क्रिकेट टूर्नामेंट शुक्रवार को संपन्न हो गया। ब्लैक कैप्स हास्पिटल सेक्टर और हाईटैक इलेवन टीम हुडको सेक्टर के बीच हुए फायनल मैच में ब्लैक कैप्स ने 20 रन से चैंपियन का खिताब जीता। 137 रनों के लक्ष्य के जवाब में हाईटैक टीम महज 117 रन पर ही सिमट गई।



### पुरस्कार वितरण भी रोमांचक

फायनल मैच के बाद शाम को दिलचस्प पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। आयोजन समिति के लोगों ने विजेता टीम ब्लैक कैप्स और उपविजेता हाईटैक टीम को ट्राफी और क्रमशः 21 हजार व 15 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान की। बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार हाईटैक के इमरान और बेस्ट बालर का पुरस्कार ब्लैक कैप्स टीम के साइल को दिया गया। मैचों के अंपायर देवेश, रौशन व शशांक थे।

---

# व्यय प्रेक्षक ने ली व्यय संबंधित टीम की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के लिए अधिकृत व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पत्तनसेठ्ठी ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सहायक व्यय प्रेक्षकों एवं लेखा टीम की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी सम्मलित हुई। व्यय प्रेक्षक ने निर्देशित किया कि निर्वाचन के दौरान व्यय से संबंधित समस्त गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जाये। जिले के विधानसभा क्षेत्र दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर, अहिवारा, पाटन, साजा, बेमेतरा एवं नवागढ़ के लिए अलग-अलग सहायक व्यय प्रेक्षक एवं लेखा टीम नियुक्त किया गया है। बैठक में व्यय प्रेक्षक श्री प्रसन्ना ने निर्वाचन के दौरान व्यय से संबंधित समितियों व्यय निगरानी सेल, लेखा टीम, फ्लाईंग स्कायड, स्थैतिक निगरानी दल, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति, व्यय लेखा, वीडियो अवलोकन दल आदि के विषय में जानकारी ली।



### डेली रिपोर्ट तलब करने कहा

कहा गया कि, व्यय अनुवीक्षण कार्य के लिए गठित टीम अभ्यर्थी के खर्च की निगरानी करें। व्यय कार्यों के लिए गठित टीम व्यय के रिकार्ड मंटेन करते हुए डेली रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि एकाउंटिंग टीम प्रतिदिन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। एसएसटी, एफएसटी, वीवीटी और वीएसटी की टीम द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली। व्यय प्रेक्षक श्री प्रसन्ना वी. पत्तनसेठ्ठी ने कहा कि सहायक व्यय प्रेक्षक अभ्यर्थी के व्यय की लगातार निगरानी करेंगे और प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

---

# कलेक्टर को सौंपा बी फार्म

**भिलाई।** दुर्ग लोकसभा की जनता में भारी उत्साह है। महिलाओं में मोदी की गारंटी सिद्ध हुई है। हर विवाहित महिलाओं के खातों में महीने का एक हजार रूपए साल का बारह हजार रुपए प्रति महिलाओं को मिलने लगा है। देश मोदी के संकल्प से विकसित भारत बनने फिर से तीसरी बार मोदी सरकार बनाने और देश को विश्व शिखर पर पहुंचे लगातार भाजपा प्रवेश करने वालों की संख्या में इजाफा हो रहा। लोकसभा दुर्ग के प्रत्याशी विजय बघेल की पत्नी रजनी बघेल के साथ महिलाओं का दल दुर्पति साहू, नेमिन देवांगन, मंजू मंगराज, मिथिला ठाकुर एवं निर्वाचन फार्म की प्रस्तावक सविता यादव कातुलबोर्ड ने कलेक्टर को फार्म जमा किया। अधिवक्ता सौरभ चौबे और सुरेंद्र कौशिक द्वारा बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा जारी बी फार्म को कलेक्टर दुर्ग को सौपा।

---

# अधिवक्ता संघ ने मतदान के लिए किया जागरूक



**दुर्ग।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद जिला इकाई दुर्ग ने राष्ट्र हित मे आम नागरिकों से शत प्रतिशत मतदान किए जाने की अपील की है। इसी कड़ी में अधिवक्ता परिषद के तत्वावधान में शुक्रवार दोपहर 2 बजे जिला न्यायालय प्रांगण से मतदाता जागरूकता रैली निकालकर अधिवक्ताओ, आम नागरिकों से राष्ट्र हित मे शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। अधिवक्ता परिषद के पदाधिकारी व अधिवक्ताओ ने हांथो में तख्ती लेकर रैली निकाली जिसमे शत प्रतिशत मतदान करने के लिए स्लोगन लिखे हुए थे ,रैली जिला न्यायालय, कलेक्ट्रेट परिसर,पटेल चौक,तहसील कार्यालय होते हुए वापस न्यायालय परिसर में संपन्न हुई ,रैली में परिषद के अध्यक्ष समीर कुमार त्रिपाठी,महामंत्री दीपेंद्र कुमार देशमुख,संरक्षक सुनीता चोपड़ा, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकान्त शर्मा, महिला सह प्रमुख कविता गिरी गोस्वामी, एम.के दिल्लीवार, दानिश परवेज़,सं जय सिंह, जितेन्द्र देशमुख, भावेश कटारे, स्नेहा वैध, नीता साहू,पूनम ताम्रकार, हिमांशु चन्द्राकर, अजहर अली, मुकेश पाण्डेय, शैलेन्द्र गुप्ता,विजय चन्द्राकर, रामकुमार साहू,सुमित रंजन दत्ता,अमर मिश्रा, एकांश बंछोर, आदित्य साहू सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

---

**कृषि विभाग और राजस्व विभाग ने भेजी रिपोर्ट, नहीं हुई राशि जारी**

# नहीं मिली फसल बर्बादी की राशि, बीमा कंपनी ने भी रोका खरीफ का बीमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

विगत मार्च माह में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के चलते रबि सीजन का फसल चौपट हो चुका है। कृषि और राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा खेतों में खराब फसल का निरिक्षण कर नुकसान का आंकलन भी कर लिया है। जिसकी रिपोर्ट राज्य शासन को भेजे पखवाडा बीत चुका है। लेकिन अब तक बीमा राशि जारी नही हुई हैं। यही नहीं वर्ष 2023-24 खरीफ सीजन की बीमा राशि भी कंपनी ने रोका है। जिसके चलते किसानों को अब तक बीमा राशि का भुगतान नही हुआ है।

मिली जानकारी अनुसार विगत दिनो ओलावृष्टि के कारण सबसे ज्यादा नुकसान धमधा ब्लाक के किसानों को उठाना पडा है। बेमौसम बारिश के बाद कलेक्टर के निर्देश पर कृषि विभाग ने नजरी आंकलन तैयार किया था, जिसमें करीब चार हजार हेक्टेयर फसल खराब होने का रिपोर्ट सामने आया है। अधिकारियों का कहना है कि, 6986 किसानों ने फोन के जरिए फसल नुकसान होने की सूचना दी है। सबसे ज्यादा ओलावृष्टि से चना का दाना बाहर आ गया था, वही खडी गेहूं की बाली टूट गई थी। इसके आलावा उडद, मटर, सोयाबीन, सरसो और तिवडा के फसल प्रभावित हुए थे।



### बीमा कंपनी ने भी जारी नही की राशि

वर्ष 2023 खरीफ सीजन के लिए जिले के 81625 किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रीमियम जमा किया है। इसमें 81625 किसानों ने 11 करोड 16 लाख रूपए जमा किया है। वही राज्य 31 करोड 45 लाख और केन्द्र ने भी 31 करोड 45 लाख रूपए (तीनों का शेयर) मिलाकर कुल 74 करोड रूपए बीमा कंपनी को प्रीमियम दिया गया है। जिले में ऋणी 323316 और अऋणी 3759 किसान शामिल है। लेकिन खरीफ की कटाई बीतने के बाद नया वित्तिय वर्ष शुरू हो गया है। इसके बाद भी अब तक बीमा कंपनी ने बीमा राशि जारी नही की है।

### रबि सीजन में 27 करोड का बीमा

इस रबि सीजन में जिले के किसानों ने 27 करोड रूपए का प्रीमियम जमा किया है। किसानों द्वारा चना, गेहूं के साथ ही दलहन फसल में बीमा कराया है। अफसरों ने बताया कि, ऐसे किसान जो फोन के जरिए सूचना नही दे पाए है। उन्हें भी फसल बीमा का लाभ मिलेगा। पिछले मार्च माह में बेमौसम बारिश के बाद 72 घंटे के अंदर जिले के करीब आठ हजार किसानों ने सूचना दी थी। इसके बाद भी राहत नही मिली है।

### रिपोर्ट भेजी

रबि सीजन के फसल का नुकसान रिपोर्ट तैयार कर राज्य शासन को भेज दिया गया गया है। वही खरीफ की बीमा राशि कुछ किसानों को मिलने की सूचना मिली है।

ललित मोहन भगत
उप संचालक, कृषि विभाग दुर्ग

**खबर संक्षेप**

### पुरी शंकराचार्य का राजधानी में तीन दिवसीय प्रवास



**रायपुर।** पुरी पीठाधीश्वर, जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज तीन दिवसीय प्रवास पर 21 अप्रैल को छत्तीसगढ़ पहुंच रहे हैं। अपने प्रवास के तहत वे पुरी-अहमदाबाद ट्रेन से 21 अप्रैल को सुबह लगभग पौने 10 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। यहां भव्य स्वागत के बाद वे सड़क मार्ग से श्री सुदर्शन संस्थानम के लिए रवाना होंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी अरविंद तिवारी ने देते हुए बताया कि छग प्रवास के पहले दिन 21 अप्रैल को दोपहर 12 बजे उनका दर्शन सुलभ होगा, वहीं शाम 6 बजे वे दर्शन, संगोष्ठी में शामिल होंगे।

### प्राची ने वित्त मंत्री चौधरी से की मुलाकात



**रायपुर।** गुढ़ियारी निवासी प्राची राठी का यूपीएससी में चयन हुआ है। प्राची ने अपने परिवार के साथ शुक्रवार को वित्त मंत्री ओपी चौधरी से सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान श्री चौधरी ने यूपीएससी में चयन होने पर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### जैन दादाबाड़ी में आज लगेगा निशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर

**रायपुर।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति एवं डॉ. हेमराज बरड़िया मेमोरियल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में 20 अप्रैल को एक दिवसीय विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर एमजी रोड जैन दादाबाड़ी में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक जारी रहेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वी-वाय हॉस्पिटल के प्रबंध संचालक एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक के क्षेत्र संघचालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना होंगे। शिविर में जाने-माने ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर पूर्णेंदु सक्सेना, डॉ. अनिल जैन, डॉ. केतन शाह, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. मनीष श्रीवास्तव, पेट समस्या विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक जैन समेत अन्य बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे।

### मृतकों के परिजनों को एक-एक करोड़ मुआवजा देने की मांग



**रायपुर।** राजधानी के एक होटल के गटर में उतरे दो होटल कर्मियों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इस मामले में दोषियों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 304 के तहत गैरइरादतन हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की है। साथ ही मृतक परिजनों को एक-एक करोड़ रुपए मुआवजा देने की भी मांग की गई है। इस संबंध में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता, अधिवक्ता भगवानू नायक ने बताया कि दो होटल कर्मियों की मृत्यु गटर में जहरीली गैस से होना बताया जा रहा है। उक्त घटना की कवरेज करने गए मीडिया कर्मियों के साथ भी होटल कर्मियों द्वारा बदसलूकी और दुर्व्यवहार किए जाने की कड़ी निंदा की। उन्होंने उक्त पूरे मामले में पुलिस से गंभीरता से विवेचना कर दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# हाईब्रिड होगी एसीआई की नई ओटी, बाइपास के साथ कर सकेंगे एंजियोप्लास्टी भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य के एकमात्र दिल के शासकीय अस्पताल एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट में ऑपरेशन थियेटर को हाइब्रिड बनाने की योजना है। यहां कार्डियक सर्जरी के साथ कार्डियोलॉजी से संबंधित प्रक्रियाओं को भी पूरा करने के लिए सुविधा जुटाई जाएगी। ओटी का काम पूरा होने के बाद यहां हार्ट ट्रांसप्लांट के रास्ते में खुलेंगे। सिविल वर्क पूरा होते ही इलेक्ट्रिक संबंधी कार्य शुरू किया जा चुका है, जिसे आचार संहिता शिथिल होने के पहले पूरा कर लिया जाएगा। जानकारी के अनुसार हृदय के सरकारी अस्पताल को पूर्ण रूप से विकसित करने शासन द्वारा वृहद योजना बनाकर काम किया जा रहा है। यहां अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर बनाने का काम तेजी से पूरा किया जा रहा है। ऑपरेशन थियेटर का ढांचा तैयार होने के बाद यहां जरूरतों के हिसाब से इलेक्ट्रिक वर्क की शुरुआत की जा चुकी है, जिसे जून के पहले समाप्त किया जाएगा। पहले ऑपरेशन थियेटर को एनएमसी की गाइडलाइन का ध्यान रखकर मॉड्यूलर बनाने की तैयारी थी, मगर बाद में अन्य जरूरतों के हिसाब से बदलाव करते हुए हाइब्रिड करने की योजना बनाई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक इस ऑपरेशन थियेटर में कार्डियक सर्जन बाइपास, ओपन हार्ट जैसे ऑपरेशन कर सकेंगे। इसके अलावा आवश्यकता होने पर वहां कार्डियोलॉजी से संबंधित एंजियोप्लास्टी अथवा एंजियोग्रॉफी की प्रक्रिया भी पूरी की जा सकेगी। हृदय के उपचार से संबंधित दोनों प्रक्रिया पूरी करने के हिसाब से ऑपरेशन थियेटर तैयार करने अन्य संसाधन जुटाने के लिए अतिरिक्त फंड की आवश्यकता होगी। वैसे इस ओटी के तैयार होने के बाद राज्य में हार्ट ट्रांसप्लांट की संभावना भी पूरी की जा सकेगी।

## आधुनिक ऑपरेशन थियेटर तैयार होने के बाद हार्ट ट्रांसप्लांट के खुलेंगे रास्ते

### एक भी प्रत्यारोपण नहीं

राज्य में अब तक सात लोगों ने अपना अंगदान किया है, मगर पर्याप्त सुविधा नहीं होने की वजह से एक भी प्रकरण में मरीजों का हृदय प्रत्यारोपित नहीं किया जा सका है। इसके लिए दो निजी अस्पतालों ने सोटो में पंजीयन भी कराया है, मगर सफलता नहीं मिल पाई है। अंगदान के दौरान मरीजों के हृदय से संबंधित उतकों को सुरक्षित रख लिया जाता है। इसका छोटे बच्चों की सर्जरी में उपयोग किया जाता है।

खास खबर




### स्थगित हो रहे केस

सूत्रों के अनुसार एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट में सर्जरी से संबंधित मैनपॉवर की कमी दूर नहीं हो पाई है, जिसकी वजह से कई बार ऑपरेशन स्थगित करना पड़ जाता है। इमरजेंसी होने पर जैसे-तैसे सर्जरी पूरी की जाती है। अनुमान लगाया जा रहा है कि आचार संहिता का प्रभाव समाप्त होने के बाद यहां की कमियों को भी दूर किया जाएगा।

## निगम के जोन-4 से शुरू की गई सेवा से सिर्फ 25 लोग जुड़े, इसलिए ऐसा हाल

# सिटीजन सर्विसेस पर ब्रेक, नाई-धोबी समेत प्लंबर जैसी सुविधाएं मोर रायपुर एप से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

लोगों को घर बैठे स्मार्ट सुविधा देने के लिए एनयूएलएम के माध्यम से रायपुर निगम के जोन-4 में शुरू की गई नाई, धोबी, प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन, ड्राइवर सहित 15 तरह की सेवाएं देने का दावा फेल हो गया। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के निर्देश पर निगम ने दो साल पहले पायलट प्रोजेक्ट के तहत शुरुआत करते हुए सिटीजन सर्विसेस के नाम से माड्यूल बनाने के बाद उसे मोर रायपुर एप से कनेक्ट किया, लेकिन नियम का पेच फंसने और मॉनिटरिंग नहीं होने से योजना ही फेल हो गई।

रायपुर निगम के जोन-4 के रहवासियों को घर बैठे इलेक्ट्रिशियन, नाई, प्लंबर, धोबी, ड्राइवर, ब्यूटी पार्लर, मैकेनिक समेत 15 सुविधाएं देने के लिए सिटीजन सर्विसेस की लांचिंग की थी। इसे मोर रायपुर एप से जोड़ते हुए 24 घंटे सुविधा देने का दावा भी किया गया। इसमें 10 से ज्यादा लोगों ने ही सुविधा देने के लिए संपर्क किया। वहीं सेवा देने के लिए भी दो साल में सिर्फ 25 लोग ही जुड़ पाए। लोगों से रिस्पांस नहीं मिलने की वजह से इस प्रोजेक्ट का युवा बेरोजगारों ही नहीं, पब्लिक को भी कोई फायदा नहीं मिला। इसे देखते हुए सिटीजन सर्विसेस को जिम्मेदारों ने भी अति जरूरी सेवा के लिए बनाए गए मोर रायपुर एप से बाहर कर दिया है।




### सूडा को भी मिलता 10 प्रतिशत

सिटीजन सर्विसेस माड्यूल को मोर रायपुर एप से जोड़ने के साथ ही घर बैठे सुविधा लेने वालों से विजिट चार्ज के अलावा मैकेनिक या तकनीशियन समस्या देखकर चार्ज लेते और इसकी डिजिटल बिलिंग होती। टोटल बिलिंग का 10 प्रतिशत सरकार की शहरी विकास की एजेंसी सूडा को भी मिलता। इससे सूडा कामगारों को ट्रेनिंग देने और उनके काम को बेहतर करने पर खर्च करता। पहले फेज में ही स्कीम फ्लॉप होने पर मुख्यालय के जिम्मेदारों ने सिटीजन सर्विसेस माड्यूल को ही एप से बाहर कर दिया है।

### नए सिरे से करेंगे प्लानिंग

सिटीजन सर्विसेस के जरिए घर बैठे 15 तरह की सुविधाएं देने की गई पहल किन कारणों से फेल हुई, इससे जुड़ी खामियां जांचने के बाद ही नए सिरे से शुरू करने प्लानिंग की जाएगी।

- **विनोद कुमार पांडेय,** अपर आयुक्त, ननि रायपुर

### मॉडल प्रोजेक्ट को रिस्पांस नहीं

*इसे दो साल पहले शुरू करते समय निगम के जिम्मेदारों ने दावा किया था कि तीन महीने में इसे निगम के सभी 10 जोन में शुरू किया जाएगा, लेकिन पायलट प्रोजेक्ट को लोगों से ही रिस्पांस नहीं मिला। इसकी वजह जांचने पर पता चला कि मॉडल प्रोजेक्ट इसलिए भी फ्लॉप हुआ, क्योंकि इसकी मॉनिटरिंग के लिए किसी को जिम्मेदारी नहीं दी गई। इससे युवा बेरोजगारों को आर्डर की जानकारी समय पर नहीं मिलने से लोगों ने ही इस नई सुविधा का फायदा लेने के बजाय किनारा करना शुरू कर दिया।*

### नियम- शर्तों का भी फंसा पेंच

*सूत्रों ने बताया कि लोगों के घरों में सेवा देने का प्रावधान होने से सिटीजन सर्विसेस से जोड़ने से पहले निगम को आवेदन करने वाले युवाओं से पुलिस वेरिफिकेशन की कॉपी, काम की जानकारी देने के लिए सर्टिफिकेट्स भी उपलब्ध कराने की शर्त रखी गई। इससे पेंच को सुलझाने में दिक्कतें भी आईं। नियम का पेंच फंसने से लोगों की सुविधा ट्रायल में ही मोर रायपुर एप से बाहर हो गई। इस सुविधा को लेने के लिए ग्राहक को विजिट चार्ज के रूप में 100 रुपए देने का प्रावधान था।*

# रायपुर लोकसभा सीट के लिए 45 प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर लोकसभा सीट के लिए 45 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। इनमें राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त भाजपा, कांग्रेस, बसपा सहित अन्य राजनीतिक दलों के अलावा बड़ी संख्या में निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी नामांकन भरा है। नामांकन दाखिल करने वालों में कई प्रत्याशियों ने एक से अधिक फार्म भी भरे हैं, जिसके कारण जमा फार्म की संख्या 66 तक पहुंच गई। इस तरह 21 फार्म अतिरिक्त भरे गए हैं। रायपुर लोकसभा क्रमांक-8 के लिए नामांकन जमा करने की प्रक्रिया 12 अप्रैल से शुरू होकर 19 अप्रैल तक चली। लोकसभा चुनाव में नामांकन दाखिल करने के लिए 8 दिन तय किए गए थे, लेकिन त्योहार के अलावा शनिवार व रविवार को अवकाश के कारण प्रत्याशियों को नामांकन जमा करने के लिए बहुत कम दिन मिले। इसे देखते हुए प्रत्याशियों ने भी समय रहते नामांकन दाखिल कर दिए।

- अंतिम दिन भी कई प्रत्याशियों ने दोबारा दाखिल किया नामांकन

### अंतिम दिन शक्ति प्रदर्शन, जुलूस

नामांकन फार्म भरने का शुक्रवार को अंतिम दिन था। कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय अंतिम दिन जुलूस लेकर नामांकन दाखिल करने पहुंचे थे। जुलूस में हजारों कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता शामिल हुए, जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व कांग्रेस विधायक धनेंद्र साहू, पदाधिकारी शैलेश नितिन त्रिवेदी सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। जुलूस की शक्ल में विकास ने शक्ति प्रदर्शन दिखाते हुए खुद को चुनाव में जीत का प्रमुख दावेदार भी बताया। इससे पूर्व भाजपा से बृजमोहन अग्रवाल ने भी शक्ति प्रदर्शन दिखाते हुए जुलूस की शक्ल में नामांकन दाखिल किया था।

**कोर्ट का फैसला**

# बालिका से दुष्कर्म, वृद्ध को पांच साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



- बहला-फुसला कर बालिका को अपने घर ले गया आरोपी

9 साल की बालिका से दुष्कर्म करने के आरोपी 87 साल के वृद्ध को कोर्ट ने पांच साल सश्रम कारावास की सजा दी है। चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने यह फैसला सुनाया है। मामला पुलगांव थाना जेवरा सिरसा के अंतर्गत करंजा भिलाई की है। करंजा भिलाई निवासी आरोपी फेरूराम साहू के घर के सामने पीड़िता रहती थी। 23 अगस्त 2023 को बालिका अपनी सहेली के घर के सामने खेल रही थी। तभी आरोपी बालिका को चाकलेट खिलाने और पैसे देने के बहाने अपने घर ले गया। दरवाजे का सिटकनी बंद कर यहां उसने दुष्कर्म कर रहा था तभी पीड़िता की बुआ सिटकनी खोलकर भीतर आ गई। उसने देखा तो आरोपी वहां से भाग निकला। पीड़िता के माता और पिता रोजी मजदूरी करने गए थे। उन्हे जानकारी दी गई। तब पीड़िता की मां ने जेवरासिरसा थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई। कोर्ट ने आरोपी को धारा 366 के तहत 3 साल सश्रम कारावास और पॉक्सो एक्ट के तहत 5 साल सश्रम कारावास की सजा दी है। 500-500 रुपए अर्थदंड भी देने होंगे। अर्थदंड नहीं देने की स्थिति में अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

## धू-धू कर जली नेशनल हाईवे पर कार ...



**भिलाई।** नेशनल हाईवे पर शुक्रवार की रात करीब 8 बजे एक कार में आग लग गई। इस घटना से यहां गुजर रहे लोगों में दहशत फैल गई। आग इतनी तेज थी कि फायर ब्रिगेड आते तक यह कार को पूरी तरह अपनी चपेट में ले चुकी थी। सुरक्षा को देखते हुए नेशनल हाईवे रोड पर आने-जाने वाहनों को रोक दिया गया। भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। घटना कैसे हुई इसकी जांच की जा रही है।

**माकपोल हेतु प्रशिक्षण 22 को : दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 7 दुर्ग अंतर्गत विधानसभा 64-दुर्ग शहर के उपयोग होने वाले ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की कमिशनिंग कार्य 26 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से मानस भवन में किया जाना है। विधानसभा 64-दुर्ग शहर के लिए नोडल अधिकारी अरविन्द कुमार एक्का (आईएएस) सहायक रिटर्निंग ऑफिसर होंगे। माकपोल हेतु नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण 22 अप्रैल को सुबह 11 बजे से भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी महाविद्यालय (बीआईटी) दुर्ग में आयोजित की गई है। माकपोल कार्य के लिए जिन अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, उनमें प्रभारी अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप अभियंता कृष्णा सिंधा को नियुक्त किया गया है।

### मॉकपोल के डाटा अनिवार्य रूप से हटाएं, ईवीएम की सुरक्षा का रखें विशेष ध्यान

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव-2024 के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर सभाकक्ष में शुक्रवार को सामान्य प्रेक्षकों और व्यय प्रेक्षकों ने नोडल अधिकारियों तथा एआरओ की बैठक ली। इस बैठक में प्रेक्षकों ने चुनाव के दौरान मॉकपोल डाटा अनिवार्य रूप से हटाए जाने के साथ ईवीएम को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। सामान्य प्रेक्षक रोहन चंद ठाकुर ने कहा, सबसे जरूरी बात है कि ईवीएम की देखरेख उचित ढंग से की जाए। यह अधिकृत अधिकारियों-कर्मचारियों के जिम्मेदारी में रहे। कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति इसे छू नहीं पाए। उन्होंने मॉकपोल का डाटा अनिवार्य रूप से हटाने के भी निर्देश दिए, ताकि री-पोलिंग की स्थिति निर्मित न हो। सामान्य प्रेक्षक संजय कुमार ने कहा कि एआरओ अपने विधानसभा क्षेत्र में मतदान की आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लें।


# राशन दुकानों में चावल चाहिए एक लाख 80 हजार क्विंटल पहुंचा सिर्फ 80 हजार क्विंटल

**रायपुर।** जिले में पिछले 10 दिनों से उचित मूल्य की कई दुकानों पर हितग्राहियों को चावल नहीं मिल पा रहा है। इसका कारण दो माह का एक साथ चावल वितरण करने का आदेश है। इस आदेश के तहत नागरिक आपूर्ति निगम राशन दुकानों को चावल की सप्लाई नहीं कर पा रहा है, जिसके कारण हितग्राहियों की परेशानी बढ़ी हुई है।

जिले में कुल 697 राशन दुकानें हैं। हर माह इन राशन दुकानों में हितग्राहियों की संख्या के अनुसार 90 हजार क्विंटल चावल की सप्लाई की जाती है। नए आदेश के बाद दुकानों को दो माह यानी एक लाख 80 हजार क्विंटल की सप्लाई की जानी है, लेकिन नागरिक आपूर्ति निगम अब तक करीब 80 हजार क्विंटल चावल की ही सप्लाई कर पाया है। इस तरह एक लाख क्विंटल चावल की सप्लाई बाकी है। हरिभूमि ने चार दिन पहले राशन दुकानों में चावल की सप्लाई प्रभावित होने से हितग्राहियों को हो रही परेशानी की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिस दिन खबर प्रकाशित हुई, उस दिन तक जिलेभर में नागरिक आपूर्ति निगम राशन दुकानों को 50 हजार क्विंटल चावल की सप्लाई कर पाया था। इस खबर के बाद चावल सप्लाई में हल्की तेजी आई, जिससे चार दिनों में 20-30 हजार क्विंटल चावल की सप्लाई की गई है। हालांकि अभी भी सिर्फ 80 हजार क्विंटल चावल की ही सप्लाई की गई है, जबकि 1 लाख हजार क्विंटल चावल की सप्लाई अभी और करना बाकी है।

**रेलवे ने किया ट्रेनों का विस्तार**

# पटना और सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन दुर्ग में रुकेगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन के द्वारा एक स्पेशल ट्रेन 03253 पटना-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन, 07256 सिकंदराबाद-पटना स्पेशल ट्रेन एवं 07255 हैदराबाद—पटना स्पेशल ट्रेन के परिचालन 2 अगस्त तक विस्तार किया गया है । इन ट्रेनों को विस्तारित करने से दुर्ग स्टेशन में भी स्टॉपेज मिला है। यह गाड़ी पटना से प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को ट्रेन नंबर 03253 पटना-सिकंदराबाद समर स्पेशल ट्रेन दिनांक 29 अप्रैल तक चल रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन में 31 जुलाई तक विस्तार किया गया । इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी सिकंदराबाद से प्रत्येक शुक्रवार को ट्रेन नंबर 07256 सिकंदराबाद-पटना समर स्पेशल ट्रेन नम्बर के साथ 26 अप्रैल तक चल रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन में 2 अगस्त तक विस्तार किया गया है। हैदराबाद से प्रत्येक बुधवार को ट्रेन नंबर 07255 हैदराबाद-पटना स्पेशल ट्रेन नम्बर के साथ 1 मई तक चल रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन में 31 जुलाई तक विस्तार किया गया है ।

## गर्मी इतनी बढ़ी कि पारा हुआ 42 डिग्री सेल्सियस पार

# पश्चिमी विक्षोभ से आज अंधड़ और फिर होगी बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

मौसम फिर से बदलने जा रहा है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 20 अप्रैल यानी शनिवार को गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना है। पिछले दो दिनों से तेज धूप और ज्यादा गर्मी पड़ रही है। हालात ऐसे हैं कि लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो गया है। गमछे और स्कार्फ के बिना निकल नहीं सकते। शाम तक धूप की तपिश भी कम होने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को इतनी तेज गर्मी पड़ी कि पारा 42 डिग्री सेल्सियस से पार हो गया।

### इसलिए बदलेगा फिर मौसम

मौसम विभाग के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ 65 पूर्व और 22 उत्तर में स्थित है । इसके प्रभाव से एक उपरि हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पाकिस्तान और उससे लगे पंजाब के उपर स्थित है । एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मराठवाड़ा और उसके आसपास 0.9 ऊंचाई तक विस्तारित है । जिसकी वजह से भिलाई , दुर्ग सहित प्रदेश में 20 अप्रैल को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है । प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज-चमक के अंधड़ चलने और वज्रपात होने की भी संभावना है । वर्षा की गतिविधि का दौर अलग अलग क्षेत्रों में बनने की सम्भावना बना हुआ है ।



### अधिकतम तापमान 42.6 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

मौसम विभाग ने शुक्रवार को भिलाई दुर्ग का अधिकतम तापमान 42.6 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा है। वहीं न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस रहा। जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस माइनस चला गया है। बुधवार और गुरुवार से अधिकतम तापमान में 7 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। हर दिन अधिकतम तापमान बढ़ रहा है जिसकी वजह से गर्मी ज्यादा लगने लगी थी। मौसम विभाग के मुताबिक अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की सम्भावना नहीं है, किन्तु दक्षिण छग में गिरावट संभावित है ।

**खबर संक्षेप**

## 23, 24 व 25 अप्रैल को कर सकते हैं डाक मतपत्र का प्रयोग

**बालोद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिए शेष रह गये अधिकारी–कर्मचारियों को संयुक्त जिला कार्यालय के सुविधा केंद्रों में 23, 24 एवं 25 अप्रैल को मतदान करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा इसके अंतर्गत समस्त श्रेणी के डाक मतपत्र मतदाताओं के लिए कर्मचारियों की संयुक्त जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 31 में लगाये गये ड्यूटी आदेश को आंशिक संशोधित कर उनकी ड्यूटी कक्ष क्रमांक 31 के साथ कक्ष क्रमांक 35 में भी लगाई गई है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में संयुक्त जिला कार्यालय के केवल कक्ष क्रमांक 31 में ही समस्त श्रेणी के डाक मतदाताओं के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी । नवीन आदेश के तहत अब 23, 24 एवं 25 अप्रैल को संयुक्त जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 31 में पुलिस कर्मी, होमगार्ड, बटालियन, वन विभाग के कर्मी तथा कक्ष क्रमांक 35 में ड्राइवर, क्लीनर, एफएसटी, एसएसटी टीम के सदस्य तथा मतदान दिवस को कंट्रोल रूम में डेटा संकलन के कार्य में लगे कर्मचारी एवं अन्य जिले में पदस्थ जिले के कर्मचारी डाक मतपत्र के माध्यम से अपना मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

## ऑन द स्पॉट पेंटिंग विजेता अभिषेक सम्मानित

**भिलाई।** हेमचंद यादव विवि दुर्ग की नेशनल युवा उत्सव 2024 की टीम के प्रतिभागी श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी भिलाई के बीए अंतिम वर्ष का छात्र अभिषेक शर्मा को विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा, कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप एवं अन्य अधिकारियों ने सम्मानित किया। अभिषेक ने सर्वप्रथम विष्वविद्यालय की टीम की ओर से मैसूर में आयोजित साउथ ईस्ट जोनल स्तरीय युवा उत्सव 2024 में हिस्सा लेते हुए कोलाज मेकिंग तथा ऑन द स्पॉट पेंटिंग में तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए नेशनल युवा उत्सव 2024 में भाग लेने की पात्रता हांसिल की थी। अधिष्ठाता डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि पंजाब कृषि विष्वविद्यालय, लुधियाना में आयोजित नेशनल युवा उत्सव में अभिषेक ने देश के विभिन्न 62 विष्वविद्यालयों के प्रतिभागियों के मध्य पोट्रेट बनाते हुए कोलाज मेकिंग में तृतीय तथा ऑन द स्पॉट पेंटिंग में पूरे देश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

**सियासत : भाजपा कार्यकर्ता जनसंपर्क के साथ मतदाताओं से कर रहे अपील**

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने मोदी को तीसरी बार पीएम बनाना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

भाजपा प्रवेश के बाद से सतीश साहू लगातार लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग के साथ सघन जन संपर्क कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र के ग्राम टटेंगा, जेवरतला, देवरी बंगला, डुंडेरा, चौरेल, कोडेवा, कोटगांव, रेंहची ग्रामों में प्रचार अभियान में शामिल होकर लोगों से भाजपा को वोट देने अपील की। श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व में भारत का मान सम्मान बढ़ाया है, देश को विकसित एवं संपन्न राष्ट्र बनाने के लिए उनका फिर से चुना जाना आवश्यक है।इसलिए उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा उम्मीदवार को



जिताने की अपील की। वहीं, श्री साहू ने प्रदेश में कांग्रेस को नेतृत्वविहीन बताया। उन्होंने कहा कि 2013 में झीरम हत्याकांड में प्रदेश कांग्रेस के कई बड़े नेता शहीद हो गए। लेकिन, उस समय से लेकर अब तक सबूत अपने जेब में लिए होने का दावा करने वाले भूपेश बघेल 5 साल तक सरकार के मुखिया होने के बावजूद इस साजिश का खुलासा नहीं करवा पाए। बल्कि उस समय के संदेहास्पद चश्मदीद कवासी लखमा का नार्को टेस्ट कर करवाने की मांग के बावजूद ऐसा नहीं किया गया। श्री साहू ने कहा कि जो पार्टी अपने शहीद हुए नेताओं के परिजनों को न्याय नहीं दिला सकी, ऐसे में आम कार्यकर्ता क्या उम्मीद कर सकते हैं।

## भाजपा नेताओं ने मोदी को फिर मोदी को प्रधानमंत्री बनाने मांगा आशीर्वाद



**बालोद/कलंगपुर।** भाजपा मंडल गुण्डरदेही के भाठागांव शक्ति केंद्र के ग्राम जोरातराई बूथ में गुरुवार को महतारी वंदन योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जहां भाजपा संयोजक व कार्यकर्ताओं ने आमजनों से चर्चा करते हुए सभी से आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने की अपील की। साथ ही वहां उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि श्री मोदी ने अपनी गारंटी पूरी कर दी है। प्रति क्विंटल 3100 रुपये में धान हम लोगों ने बेचा है दो साल का बकाया बोनस भी मिल गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में प्रदेश अब विकास की ओर अग्रसर है। पार्टी नेताओं ने कहा कि एक बार फिर से मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए आप सभी अपना आशीर्वाद दें और कांकेर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग को विजयी बनाने में सहयोग करें। इस दौरान बूथ प्रभारी दिलीप कुमार कुल्हारे, लेखराम साहू, पूर्व अध्यक्ष भाजपा मंडल गुण्डरदेही डॉ तेजराम साहू, कृष्ण कुमार साहू, डॉ लक्ष्मीकांत साहू, हेमंत चंद्राकर, सुफल साहू, कांति सोनेश्वरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्कर चंद्राकर, गजाधर साहू, डिलेश्वर सोनेश्वरी, मीठालाल साहू, सुशीला साहू, निहाल साहू, रोशन साहू, सोमनाथ साहू, खुमूराम ठाकुर, पुरुषोत्तम साहू सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।



## मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने भोजराज ने मांगा आशीर्वाद





**अंडा।** कांकेर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग ने बालोद जिले के गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों का दौरा किया। उन्होंने अर्जुन्दा मंडल के कमरौद, पिरीद, डुंडेरा, कोट गांव, रेहची, बोरगहन, देवरी द , खुरसुनी, मोहदीपाट, गब्दी, ओडारसकरी पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात की। उन्होंने श्री मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा को वोट देकर अपनी जीत का आशीर्वाद मांगा। जनसंपर्क के दौरान मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष कमलेश पांडेय, जिला उपाध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य संध्या सिंह भारद्वाज, देवेन्द्र साहू, हरिश साहू, संगीता चंद्राकर सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## तवेरा में हुआ महतारी वंदन महिला सम्मेलन



**गुण्डरदेही।** महतारी वंदन महिला सम्मेलन शक्ति केंद्र तवेरा अंतर्गत ग्राम तवेरा में संपन्न हुआ। उक्त महिला सम्मेलन में शक्ति केंद्र प्रभारी सतीश महोबिया, तवेरा बूथ अध्यक्षगण सनत साहू, ईश्वर साहू, पार्षद विजय सोनकर, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता कुमारी बाई साहू, भूषण साहू सहित बड़ी संख्या में महतारी शक्ति उपस्थित रही। उक्त सम्मेलन में शक्ति केंद्र प्रभारी सतीश महोबिया ने भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के पक्ष में महिलाओं को मतदान करने और महिलाओं को अपने परिवारजनों को भी भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

सम्मेलन के दौरान पार्षद विजय सोनकर ने केंद्र और भाजपा की सरकार की योजनाओं से महिलाओं को अवगत कराया और विकास को गति देने के लिए भाजपा को वोट देने की अपील की।

## जिपं सदस्य पुष्पेंद्र ने अचौद में ली बैठक, भाजपा को जिताने की अपील

**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी के कांकेर लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग के पक्ष में गुण्डरदेही विधानसभा के युवा भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर लगातार शक्ति केंद्रों में गाँव गाँव जाकर बैठक ले रहे हैं। इसके साथ ही शासन की योजनाओं से अवगत कराकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं।

इसी तारतम्य में उन्होंने अचौद शक्ति केंद्र में बैठक लेकर भोजराज नाग को जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि श्री



मोदी के दस साल के शासन में देश आर्थिक सामाजिक व मानसिक व सामरिक रुप से मजबूत हुआ है। आज हम हथियार आयातक नहीं, बल्कि निर्यातक देश भी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के कारण हमारे देश का मान बढ़ा है। आम जनता का जीवन स्तर भी ऊंचा हुआ है, ग्रामीणों को मुलभूत सुविधाएं मिल रही हैं, गरीब के सिर पर पक्की छत बन रही है। उन्होंने प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों पर भाजपा को जीत दिलाने के लिए कांकेर लोकसभा से भोजराज नाग को वोट देने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस की जमानत जब्त होने जा रही है। इस अवसर पर मोपेन्द्र साहू, मिलन साहू, त्रयोदय, मुकेश, दुलार ठाकुर, बुधरू साहू सहित क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## केंद्र में फिर मोदी राज लाने भोजराज को जिताने भाजपा ने की अपील

**गुण्डरदेही।** भाजपा मंडल गुण्डरदेही के माहुद शक्ति केंद्र के कजराबांधा बूथ में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला सह कोषाध्यक्ष व प्रभारी मोहन जैन ने कहा कि मोदी की सरकार फिर से केंद्र में मोदी राज व कांकेर में भोजराज नाग को लोकसभा में लाना है। उन्होंने कहा कि देश के हित में मतदान करना है, किसी के बहकावे में नहीं जाना है। इसलिए भाजपा को वोट देने की अपील की। इस दौरान धमतरी में 23 अप्रैल को आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में शामिल होने नागरिकों से आग्रह किया गया। बैठक में जिला सह कोषाध्यक्ष व प्रभारी मोहन जैन, दोषण साहू, अशोक यादव, शक्ति केंद्र के प्रभारी पारख साहू, शक्ति केंद्र के सह प्रभारी विक्रम साहू, उप सरपंच रामसेवक साहू, बंशी साहू, नरोत्तम साहू, धर्मेंद्र साहू, राम लाल साहू, अंदेश्वर साहू आदि ग्रामीण उपस्थित थे।



# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कन्नेवाड़ा में परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कन्नेवाड़ा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जारी परिणाम के अनुसार कक्षा पहली में प्रथम स्थान इशिका सिन्हा, द्वितीय स्थान पर सेजल, तृतीय स्थान पर तृप्ति देवांगन, कक्षा दूसरी से प्रथम देवर्शी सिन्हा और नित्या मेश्राम, द्वितीय स्थान पर रागिनी साहू, तृतीय विनायक कक्षा तीसरी मे प्रथम स्थान डुगेन्द्र कुमार, द्वितीय स्थान नीलिमा, तृतीय स्थान तमन्ना, कुलदीप, कक्षा चौथी में प्रथम स्थान नैतिक, कुलदीप, द्वितीय स्थान पर यायरा साहू, तृतीय स्थान पर मेघना गार्गिया, कक्षा पांचवी मे प्रथम स्थान पर जिया साहू, द्वितीय स्थान मेहल साहू, तृतीय स्थान वारिधी साहू ने प्राप्त



किया। इसी तरह कक्षा छठवीं में प्रथम स्थान नेहा अडिल, द्वितीय स्थान मोहादित्या, तृतीय स्थान सेजल पटेल, कक्षा सातवीं मे प्रथम स्थान नम्रता साहू, द्वितीय स्थान गरिमा साहू, तृतीय स्थान लोचन साहू, कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान फना पटेल, द्वितीय स्थान अंकिता, तृतीय स्थान कुश कुमार निषाद को मिला। वहीं, कक्षा ग्यारहवीं में जीव विज्ञान में प्रथम स्थान अभिषेक साहू, द्वितीय स्थान धीरज साहू, ग्यारहवी गणित में प्रथम स्थान मयंक ठाकुर, ग्यारहवी वाणिज्य में प्रथम स्थान चंचल कश्यप रहे।

शाला में बेस्ट विद्यार्थी का पुरस्कार प्राथमिक में मेहल साहू, माध्यमिक में नम्रता साहू, हायर सेकेण्डरी में कुणाल राठी को दिया गया। इस अवसर पर प्राचार्य कविता वानखेड़े एवं सेजेस अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रभारी विनोदिनी यादव, सेजेस परीक्षा प्रभारी कमाक्षी यादव एवं समस्ट स्टॉफ, पालक उपस्थित थे।

# दुनिया को बदलने के बजाय स्वयं को बदलना आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ महावीर भवन में संत ऋषभ सागर का प्रवचन जारी

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। जिस समाज में हम रहते हैं, उस समाज के प्रति संस्कृति के प्रति सम्मान का भाव होना चाहिए। समाज एक संगठन होता है और संगठन में शक्ति होती है, जो समाज जितना अनुशासित होगा उतना ही सुदृढ़ होगा।

उक्ताशय के विचार संत ऋषभ सागरजी म सा ने महावीर भवन में चल रही अपनी प्रवचन श्रृंखला में व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज मर्यादाएं भंग हो रही हैं, सम्मान के भाव कम हो रहे हैं, नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है। इनका प्रभाव परिवार पर भी



पड़ता है। उन्होंने कहा कि समाज को इस विषय पर चिंतन करने की आवश्यकता है। संत ऋषभ सागर ने कहा कि दुनिया को बदलने के बजाय स्वयं को बदलना आसान है। अपने अंदर के छोटे-छोटे दोषों को दूर कर अपने आप में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। अपने देश और समाज के प्रति तथा अपनी संस्कृति के प्रति समर्पण का भाव होना चाहिए। इसके संत ने एक संकल्प दिलवाया, जिसका भाव यह था कि हम अपने देश, समाज और संस्कृति का सम्मान करेंगे और आस्था रखेंगे।

## सिर्राभाठा स्कूल के विद्यार्थियों को फल व कॉपी-पेन वितरित

**बालोद/सिकोसा/लाटाबोड़।** सामाजिक कार्यकर्ता राजेश कुमार सिन्हा ने शनिवार को प्राथमिक शाला सिर्राभाठा के विद्यार्थियों को फल एवं कॉपी-पेन का वितरण किया। उन्होंने अपना जन्मदिन बच्चों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से



स्कूल की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस पर बच्चों ने सबसे बड़ी समस्या जल को लेकर बताई। इस पर श्री सिन्हा ने वॉटर टैंक बनाने की बात कही। वहीं, आंगनबाड़ी तथा किचन शेड तक जाने के लिए सुगम सड़क बनाने एवं बच्चों के लिए फिसल पट्टी व झूला लगाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रधान पाठक निषाद, ठाकुर, एवं मरकाम मैडम उपस्थित थे। शाला अध्यक्ष खिलावन सिन्हा अमृतानंद सिन्हा खेमराज सिन्हा बलराम सिन्हा भान सिन्हा इंदु बाई सिन्हा उमा निषाद उषा निषाद उर्वशी ठाकुर शांति ठाकुर शांति साहू कांति साहू दुकालू राम ठाकुर टिकुराम ठाकुर लालेश्वर ठाकुर एवं ग्राम क्र गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# बेल्हारी स्कूल में हुआ परीक्षा परिणाम जारी

■ कक्षा 9वीं-11वीं में बच्चों का श्रेष्ठ प्रदर्शन

**जामगांव आर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी, हिंदी माध्यम विद्यालय बेल्हारी में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। अंग्रेजी माध्यम कक्षा नवमी में धनंजय साहू ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं शीतल साहू ने 91.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार हिंदी माध्यम कक्षा नवमी में हेमलता ने 94.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम एवं भावना 84.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11वीं कला संकाय आरती 84.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान एवं लोकेश्वरी 72 प्रतिशत लेकर द्वितीय स्थान, विज्ञान संकाय में राहुल कुमार 75.4 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान व रोशन लाल 73.8 प्रतिशत लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर प्राचार्य वाईके साहू द्वारा विद्यार्थियों को मेडल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी नीता वर्मा, केके जायसवाल, उत्तम पटेल,





मुकेश्वरी धुरव, के हेमावती, गीतांजलि खुटैल, लीलाधर सूर्यवंशी, दीपिशा, बिलाल अहमद अंसारी, देवेंद्र साहू, चंद्रकला साहू, संकुल समन्वयक चंद्रशेखर देवांगन, समाजसेवी रफीक खान सहित पालकगण उपस्थित थे।

## आईवीएफ सेंटर पर लापरवाही का आरोप, महिला ने सर्जरी के बाद तोड़ा दम

**रायपुर।** ऑपरेशन के घंटेभर पहले अस्पताल में सेल्फी लेने वाली महिला की सर्जरी के बाद मौत हो गई। इस मामले में परिजनों ने आईवीएफ सेंटर प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों ने इस मामले में थाने में शिकायत करने की बात कही है। परिजनों का कहना है कि ऑपरेशन थियेटर में रखने के तीन घंटे बाद महिला की तबीयत खराब होने का हवाला देकर उसे दूसरे अस्पताल रेफर किया गया, मगर वहां प्रारंभिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया गया। महिला राजननांदगांव से गर्भाशय संबंधित समस्या को लेकर ऑपरेशन कराने आई थी। राजनांदगांव लखौली निवासी नीलम पति मनोज साहू के मृत्यु के मामले में देवर रूपेंद्र साहू ने राजधानी के एक आईवीएफ सेंटर के चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। रूपेंद्र ने बताया कि नीलम को गर्भपात की शिकायत थी, जिसके इलाज के लिए वह महीनेभर पहले आईवीएफ सेंटर आई थी।

